लद्दाख को 3,350 करोड़ की सौगात

- सड़क और हवाई कनेक्टिविटी होगी मजबूत
- सरकार के लिए लद्दाख का विकास प्राथमिकता : मोदी



नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लद्दाख में करीब 3,350 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन और लोकार्पण किया.

इन परियोजनाओं में लेह एयरपोर्ट का नया यात्री टर्मिनल, 298 किलोमीटर लंबी निम्मू-पदुम-दारचा सड़क, 9 मेगावाट की हानू जलविद्युत परियोजना, बिजली ट्रांसमिशन लाइन और 40 गांवों में बनाए गए जलाशय शामिल हैं. इसके अलावा, लेह के सिंधु घाट पर देश का पहला पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क विकसित करने की योजना भी है. प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के लिए लद्दाख का विकास प्राथमिकता है. सरकार का विशेष ध्यान क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने पर है, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े. उन्होंने कहा कि लद्दाख में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और सरकारी सेवाओं को लोगों तक आसानी से पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.

निम्मू-पदुम-दारचा सड़क से सफर होगा आसान

298 किलोमीटर लंबी निम्मू-पदुम-दारचा सड़क लेह को हिमाचल प्रदेश के दरचा से जोड़ेगी. इस सड़क से श्रीनगर-लेह और मनाली-लेह मार्गों के अलावा लद्दाख पहुंचने का एक वैकल्पिक रास्ता मिलेगा. प्रधानमंत्री के अनुसार, इस मार्ग से पहले करीब 12 घंटे में पूरा होने वाला सफर अब लगभग तीन घंटे में पूरा किया जा सकेगा. सड़क से जांस्कर घाटी में आवागमन बेहतर होगा और सेना की आवाजाही भी आसान होगी.

एयरपोर्ट की क्षमता बढ़कर 35 लाख यात्री सालाना : लेह के कुशोक बकुला रिनपोछे एयरपोर्ट का नया टर्मिनल 640 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है. करीब 23,800 वर्ग मीटर में फैले इस टर्मिनल की सालाना यात्री क्षमता 10 लाख से बढ़कर 35 लाख हो जाएगी. इससे पर्यटन और हवाई संपर्क को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

अनंत सिंह के बाद पटना के एमएलसी चुनाव में दो और बाहुबली कूदे

पटना. बिहार में विधान परिषद की आठ सीटों के लिए 23 अक्तूबर को मतदान और 27 अक्तूबर को मतगनना होगी. पटना ग्रेजुएट सीट पर का इलेक्शन काफी रोचक हो गया है. बाहुबली जदयू विधायक अनंत सिंह जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार अनुज सिंह के लिए खुलकर वोट मांग रहे हैं. इस बीच चुनाव प्रचार में दो अन्य बाहुबली अखिलेश सिंह और अशोक महतो की एंट्री हो गयी है. अखिलेश सिंह जदयू कैंडिडेट नीरज कुमार के लिए वोट मांग रहे हैं तो अशोक म राजद के उम्मीदवार दिलीप सिंह के पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं. अनंत सिंह ने ऐलान कर दिया है कि वे जन सुराज के उम्मीदवार अनुज सिंह की जीत सुनिश्चित कराएंगे और अपनी ही पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार की जमानत जब्त करा देंगे.

नक्सलवाद से पीड़ित लोगों की पीड़ा कोई मिटा नहीं सकता : अमित शाह

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं.

भाजपा सरकार द्वारा बस्तर के पुनर्निर्माण और वामपंथी उग्रवाद के पीड़ितों के पुनर्वास के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पांच दशकों में इसके कारण लोगों को जो पीड़ा झेलनी पड़ी है, उसे दूर करना भी सरकार की जिम्मेदारी है. इसका सबसे अधिक असर क्षेत्र के गरीब आदिवासी समुदायों पर पड़ा है. शाह ने छत्तीसगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि पांच से सात अक्टूबर तक जगदलपुर में आयोजित दिव्यांग सहायता कार्यक्रम से 3,600 से अधिक लोग लाभान्वित हुए, जिनमें अकेले बस्तर के करीब 1,570 लोग शामिल हैं. इस पहल के तहत नक्सलवाद से प्रभावित लोगों को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर, तिपहिया साइकिल, सुनने में मदद करने वाले उपकरण और छड़ियों सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं.

8,526 नक्सली कर चुके हैं आत्मसमर्पण



अमित शाह ने कहा, ''नक्सलवाद का अंत होने का मतलब यह नहीं है कि हम इन पांच दशकों की पीड़ा को मिटा सकते हैं.'' उन्होंने कहा कि सरकार को पीड़ितों की जिंदगी और सम्मान दोबारा बहाल करने में मदद करनी चाहिए. उन्होंने इन प्रयासों में केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया. नक्सलियों के पुनर्वास और प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि लगभग 8,526 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है.

एक नजर में

आईपीएस कुंदन का सांसद सुधाकर को नोटिस

पटना. बिहार के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी कुंदन कृष्णन ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बक्सर से सांसद सुधाकर सिंह को कानूनी नोटिस भेजकर 15 दिनों के भीतर सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है. ऐसा नहीं करने पर 5 करोड़ रुपये के हर्जाने का मुकदमा और आपराधिक मानहानि की कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी गई है. यह विवाद भारत भूषण तिवारी की मौत और जमुई में एक किशोरी से जुड़ी घटना को लेकर सांसद के बयानों से संबंधित है. सांसद सुधाकर सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से नोटिस मिलने की जानकारी दी है. उन्होंने स्पष्ट किया कि वह माफी नहीं मांगेंगे और अपने बयानों पर कायम हैं. उन्होंने दोनों मामलों में जनहित से जुड़े सवाल उठाए हैं और कानूनी नोटिस का जवाब भी कानून के अनुसार देंगे.

इजराइली उड़ानों पर नहीं चलेगा पाक क्रू

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर. इजराइल जाने और वहां से आने वाली उड़ानों में विदेशी पायलटों की तैनाती को लेकर विमानन क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी सख्ती होगी. रिपोर्ट के मुताबिक एयर फ्रांस ने पाकिस्तानी पायलटों और केबिन क्रू को इजराइल रूट की उड़ानों में ड्यूटी देने पर रोक लगाई है. इस फैसले को पाकिस्तान और इजराइल के बीच राजनयिक संबंध नहीं होने से जुड़े नियमों के संदर्भ में देखा जा रहा है. हालांकि इस प्रतिबंध के आधिकारिक आधार और इसके दायरे की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है. विमानन सूचना कंपनी की 13 अक्टूबर 2026 की रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया गया है कि एयर फ्रांस और अमेरिकी एयरलाइन यूनाइटेड एयरलाइंस ने अपने कर्मचारियों को इजराइल रूट पर लागू सुरक्षा प्रतिबंधों के बारे में जानकारी दी है.

रिटायर्ड कस्टम अधिकारी की गोली मारकर हत्या

आरा, 15 अक्टूबर. बिहार के भोजपुर जिले के आरा शहर में गुरुवार सुबह एक रिटायर्ड कस्टम अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. वारदात उनके घर के गेट के पास हुई, जहां तीन हथियारबंद हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की. हमलावरों ने करीब आठ राउंड गोलियां चलाईं और घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. शुरुआती जांच में जमीन विवाद को हत्या की संभावित वजह माना जा रहा है. मृतक की पहचान राम कुमार सिंह के रूप में हुई है. समाचार रिपोर्ट के अनुसार, उनकी उम्र 67 वर्ष थी और वे कस्टम विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर कार्यरत रहे थे. वर्ष 2015 में सेवानिवृत्त होने के बाद वे आरा में रह रहे थे. गोली लगने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. परिजनों के मुताबिक, राम कुमार सिंह रोज सुबह अपने बेटे राजेश कुमार के साथ टहलने जाते थे. गुरुवार सुबह भी वे घर से निकलने की तैयारी कर रहे थे.

कामयाब नहीं हुए तो वो लोग तुम्हें छोड़ देंगे : मिलबेन

- सिंगर मैरी मिलबेन की दीपके को दोटूक
- अमेरिकी फंडिंग पर भिड़े दीपके और मैरी मिलबेन

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर. कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके और अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन के बीच अमेरिकी फंडिंग को लेकर विवाद बढ़ गया है.

मिलबेन ने दीपके पर निशाना साधते हुए कहा है कि यदि वह अपने मकसद में सफल नहीं हुए, तो उनका साथ देने वाले अमेरिकी दानदाता उन्हें छोड़ देंगे. उन्होंने सीजेपी प्रमुख को अपनी अमेरिकी शिक्षा पूरी करने और भारत के विकास में योगदान देने की सलाह भी दी. मिलबेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सच सभी को आजाद करता है और दीपके को भी इसे स्वीकार करना चाहिए.

जौहर यूनिवर्सिटी में लगा सरकारी धन

- विधायक निधि से 6.60 करोड़ के काम
- जल निगम के 23.41 करोड़ के निर्माण कार्य

नवभारत न्यूज़

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर. जौहर विश्वविद्यालय के निर्माण में सरकारी धन के कथित इस्तेमाल को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में कई वित्तीय मदों का उल्लेख किया गया है. सरकारी ठेके हासिल करने वाली एक कंपनी के माध्यम से करीब 55.8 करोड़ रुपये, जल निगम के जरिए 23.41 करोड़ रुपये और विधायक निधि से 6.60 करोड़ रुपये के कार्य कराए जाने का जिक्र है. एजेंसी सरकारी धन के इस्तेमाल और उससे बनी संपत्तियों के स्वामित्व से जुड़े पहलुओं की पड़ताल कर रही है.

संबंधित कंपनी को वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2016-17 के बीच करीब 186 करोड़ रुपये के सरकारी ठेके मिले थे. कंपनी के प्रबंध निदेशक के बयान का हवाला देते हुए रिपोर्ट में ठेकों से मिली रकम का लगभग 30 प्रतिशत विश्वविद्यालय के निर्माण में लगाए जाने की बात कही गई है.

आजम खां के कार्यकाल में जमकर मिली राशि

रिपोर्ट में विधायक निधि से विश्वविद्यालय परिसर में 6.60 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए जाने का भी उल्लेख है. ईडी ने धनराशि जारी करने के उद्देश्य, वास्तविक उपयोग और संबंधित वित्तीय अभिलेखों की जांच की है. एफआईआर में जल निगम की इकाई के माध्यम से परिसर में कराए गए निर्माण कार्यों का भी जिक्र है. पंडाल, अन्य पिछड़ा वर्ग के बालक छात्रावास और अस्पताल के निर्माण पर कुल 23.41 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे. उस समय आजम खां उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री के साथ जल निगम के अध्यक्ष भी थे. ईडी की रिपोर्ट में सरकारी धन से बने पंडाल के स्वामित्व को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं.

जयशंकर-अल नाहयान की मुलाकात, रणनीतिक साझेदारी पर जोर

नई दिल्ली. विदेश मंत्री एस. जयशंकर आधिकारिक दौरे पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे, जहां उन्होंने अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की. दोनों नेताओं ने भारत-यूएई संबंधों और कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ गर्मजोशी और सार्थक मुलाकात हुई. हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की भावना के तहत द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया.

सेना को मिले स्वदेशी 450 घातक ड्रोन

- सिंगल बैच में सबसे बड़ी सप्लाई
- एक बार में 60 मिनट भर सकता है उड़ान

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर. भारतीय सेना की ताकत बढ़ाने के लिए स्वदेशी डिफेंस कंपनी सोलर डिफेंस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. कंपनी ने भारतीय सेना को एक ही बैच में 450 लोइटरिंग म्यूनिशन की सप्लाई पूरी की है.

कंपनी के मुताबिक, यो एक बार में की गई अब तक की सबसे बड़ी सप्लाई है. लोइटरिंग म्यूनिशन ऐसे हथियार होते हैं, जो लक्ष्य के आसपास कुछ समय तक उड़ान भर सकते हैं और सही मौका मिलने पर टारगेट पर हमला करते हैं. इन्हें अक्सर कामिकाजे ड्रोन भी कहा जाता है. ऑपरेशन सिंदूर, रूस यूक्रेन युद्ध, ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच जारी संघर्ष के दौरान ऐसे हथियारों की अहमियत और बढ़ गई है. ये सिस्टम अपेक्षाकृत कम लागत में सटीक हमला करने की क्षमता देते हैं. इस स्वदेशी सिस्टम की क्षमता का आकलन किया गया है.

सेना के लिए 4,106 करोड़ का समझौता

नई दिल्ली. भारतीय वायुसेना और नौसेना की परिचालन क्षमता मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 4,106 करोड़ रुपये के दो रक्षा सौदों पर हस्ताक्षर किए हैं. 15 अक्टूबर को कर्तव्य भवन में हुए इन करारों में वायुसेना के लिए जिसाट-7सी संचार उपग्रह और नौसेना के लिए वरुणास्त्र टॉरपीडो की खरीद शामिल है. हस्ताक्षर के दौरान रक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक ए. अनबारासु मौजूद रहे. वायुसेना के लिए 2,563 करोड़ रुपये का करार न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड, बेंगलुरु के साथ किया गया है.

आज का इतिहास

- 1788 : मराठों ने शाह आलम को दिल्ली की गद्दी पर बिठाया.
- 1905 : भारत के तत्कालीन वायसराय लार्ड कर्जन के आदेश पर बंगाल का विभाजन.
- 1939 : द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटिश क्षेत्र पर पहला हमला किया.
- 1942 : बंगाल में आए प्रलयंकारी तूफान में 40 हजार लोगों की मौत.
- 1944 : प्रसिद्ध तबला वादक लच्छू महाराज का जन्म.
- 1948 : बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी का जन्म.
- 1948 : ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का जन्म.

दो करोड़ जमा, राजपाल को विदेश जाने की राह

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर. सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता राजपाल यादव से जुड़े चेक बाउंस के सात मामलों को आपसी समझौते की संभावना तलाशने के लिए मध्यस्थता के पास भेज दिया है.

अदालत को बताया गया कि अभिनेता ने दो करोड़ रुपये कोर्ट रजिस्ट्री में जमा करा दिए हैं. इसके साथ ही कोर्ट ने उनके पासपोर्ट जारी करने की अर्जी पर भी विचार करते हुए संबंधित ट्रायल कोर्ट को शर्तें तय करने का निर्देश दिया है. इन शर्तों का पालन करने के बाद ही राजपाल विदेश यात्रा कर सकेंगे. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने दोनों पक्षों से निष्पक्ष रुख अपनाते हुए विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने की कोशिश करने को कहा. पीठ ने शिकायतकर्ता कंपनी से भी पूछा कि जब रकम जमा हो चुकी है, तो समझौते की दिशा में प्रयास क्यों नहीं किए जा रहे हैं. राजपाल की ओर से पेश वकील विक्रांत ने अदालत को बताया कि अभिनेता ने दो करोड़ रुपये जुटाने के लिए अपनी पैतृक संपत्ति बेच दी थी. अदालत ने मामले की जटिलता और विवाद की प्रकृति को देखते हुए इसे मध्यस्थता के लिए भेजने का आदेश दिया. नियुक्त मध्यस्थ दोनों पक्षों से संपर्क कर सुनवाई की तारीख तय करेंगे. जरूरत पड़ने पर वे पक्षकारों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कह सकते हैं.

सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त पासपोर्ट जारी करने की अनुमति

हस्तियों के ट्वीट

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की रचनात्मक क्षमता की सराहना की. उन्होंने कहा कि इस वीडियो को उन्होंने कई बार देखा, खासकर इसके अंतिम हिस्से को. पिचाई ने प्रॉम्प्टिंग और मॉडल की रचनात्मकता को शानदार बताया. उनकी यह प्रतिक्रिया एआई तकनीक के तेजी से विकसित होते स्वरूप और रचनात्मक कार्यों में इसकी बढ़ती भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करती है. हालांकि, उन्होंने अपनी पोस्ट में वीडियो के बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की.

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर पोप लियो XIV के अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. उन्होंने कहा कि उनका परिवार पोप के जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहा है. वेंस ने ईश्वर से उनके स्वास्थ्य लाभ के दौरान उन्हें शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की. उन्होंने उम्मीद जताई कि पोप को इस बात का एहसास होगा कि लाखों अमेरिकी ईसाई उनके बारे में सोच रहे हैं और उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं.

कांग्रेसी युवा नेताओं के साथ भविष्य की रणनीति पर मंत्रणा

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय युवा कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन और सेवा दल के प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ भविष्य की रणनीति पर गहन मंत्रणा की है.

पार्टी मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में शीर्ष नेताओं ने युवाओं और छात्र नेताओं से सीधा संवाद करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत व धारदार बनाने की रूपरेखा पर लंबी चर्चा की. मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस संवाद के बाद कहा कि भारत के युवा हमेशा से देश की राजनीतिक दिशा और दशा तय करने में अग्रणी रहे हैं. उन्होंने युवा नेताओं की सराहना करते हुए उनको प्रोत्साहित किया. इस रणनीतिक बैठक में कांग्रेस ने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और संवैधानिक संस्थाओं की साख बचाने की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया.

राहुल, खड़गे ने युवा नेताओं संग किया मंथन

अमेरिका में हिंदू मंदिर में मास शूटिंग की साजिश

वाशिंगटन, 15 अक्टूबर (एजेंसी). अमेरिका में हिंदू मंदिर पर मास शूटिंग की कथित साजिश का मामला सामने आया है. इलिनॉय के पैलेटाइन में रहने वाले 19 साल के युवक एलेक्जेंड्रोस पापोराकिस को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है.

पुलिस को शक है वह नवरात्रि के दौरान ऑरोरा इलाके में स्थित किसी हिंदू धार्मिक स्थल को निशाना बनाने की योजना बना रहा था. उसपर आतंकी धमकी देने के आरोप भी लगे हैं. पुलिस ने साफ किया है कि किस मंदिर पर हमला करने की योजना थी, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है. 11 अक्टूबर को माउंट प्रॉस्पेक्ट पुलिस से संभावित मास शूटिंग की सूचना मिली थी. एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया था कि उसे कुछ चिंताजनक इलेक्ट्रॉनिक संदेश मिले हैं. जांच में सामने आया कि आरोपी ने कथित तौर पर सामूहिक गोलीबारी की योजना से जुड़ा एक दस्तावेज और राइफल, और सामरिक उपकरणों की तस्वीरें साझा की थीं.



आतंक की धमकी देने वाला गिरफ्तार

आमिर खान के भांजे इमरान को भारत छोड़ने का नोटिस

मुंबई, 15 अक्टूबर. बॉलीवुड अभिनेता और आमिर खान के भांजे इमरान खान को मुंबई पुलिस ने भारत छोड़ने का नोटिस जारी किया है. अभिनेता को 28 अक्टूबर तक देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है. यह कार्रवाई मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में हुए प्रदर्शन में शामिल होने के मामले में की गई है. इमरान के पास अमेरिकी पासपोर्ट है और वे ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारक हैं. नोटिस के बाद इमरान खान के वकील ने कहा है कि अभिनेता इसे बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती देंगे. वकील का तर्क है कि ओसीआई कार्डधारकों को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने वाले नियमों को लेकर स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए. पुलिस ने इमरान के खिलाफ इमिग्रेशन एक्ट की धारा 7 और 29 के तहत कार्रवाई शुरू की है.

भारत ने ओएचसीएचआर के मानदंड पर उठाए सवाल

नई दिल्ली. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र में मानवाधिकार उच्चायुक्त के साथ 'इंटरैक्टिव डायलॉग' के दौरान प्रथम सचिव अनुज स्वरूप ने भारत का बयान रखते हुए ओएचसीएचआर के चयनात्मक रवैये और दोहरे मानदंडों को लेकर आगाह किया और साथ ही पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघनों पर रिपोर्ट की मांग की. अनुज स्वरूप ने मानवाधिकार परिषद में भारत के सदस्य के रूप में अपनी रचनात्मक और सकारात्मक भूमिका को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की ओर से चुनिंदा मुद्दों पर ध्यान देने और दोहरे मानदंड अपनाने से बहुपक्षीय व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर होता है.

हालात | लगातार खराब हवा से स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर, ताजा रिपोर्ट बेहद चिंताजनक

सिंगापुर में प्रदूषण का कहर, दिल्ली भी बेहाल

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर. इंडोनेशिया के जंगलों में लगी आग से उठने वाला धुआं दक्षिण-पूर्व एशिया के कई इलाकों की वायु गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है.

इसी बीच स्विस वायु गुणवत्ता निगरानी संस्था आईक्यूएयर के आंकड़ों के हवाले से दावा किया गया है कि दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में सिंगापुर ने दिल्ली को पीछे छोड़ दिया है. मुंबई समेत कई अन्य शहर भी प्रदूषण की चर्चा में हैं. हालांकि, इस तरह की सूची में शहरों की स्थिति समय के साथ बदलती रहती है. जंगलों में आग लगने से बड़ी मात्रा में धुआं और सूक्ष्म प्रदूषक कण निकलते हैं. हवा की दिशा और गति अनुकूल होने पर ये कण आग वाले क्षेत्र से दूर तक फैल सकते हैं. इंडोनेशिया में जंगलों की आग का धुआं सिंगापुर और मलेशिया तक पहुंचने पर हवा की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है. ऐसे प्रदूषण से आंखों में जलन, खांसी और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है. आईक्यूएयर के नाम से प्रसारित सूची में सिंगापुर को दिल्ली से ऊपर बताया गया है. हालांकि, सिंगापुर, दिल्ली और मुंबई की सटीक रैंकिंग की पुष्टि के लिए रिपोर्ट की तारीख, संबंधित शहरों के वास्तविक समय के आंकड़े और इस्तेमाल किए गए मापदंड देखना जरूरी है. भारत में भी प्रदूषण की स्थिति चिंता बढ़ा रही है. बुधवार को नोएडा का वायु गुणवत्ता सूचकांक 203 और ग्रेटर नोएडा का 225 दर्ज किया गया.



नोएडा देश का सबसे प्रदूषित शहर

ग्रेटर नोएडा को इन आंकड़ों के आधार पर देश के अधिक प्रदूषित शहरों में शामिल बताया गया है. स्थानीय स्तर पर टूटी सड़कों से उड़ने वाली धूल, निर्माण स्थलों की गतिविधियां और वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका निभा सकते हैं. मौसम की स्थिति भी हवा में प्रदूषक कणों के जमाव को प्रभावित करती है. तेज हवाएं कुछ परिस्थितियों में प्रदूषकों को फैलाने में मदद कर सकती हैं, लेकिन इससे प्रदूषण के सभी स्रोत समाप्त नहीं होते. ग्रेटर नोएडा में लगातार तीसरे दिन वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही.

झोटा की हत्या के बाद पंजाब रहा बंद

बाजारों में सन्नाटा, हिरासत में कई नेता, किसान नेता भी समर्थन में आए

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

चंडीगढ़, 15 अक्टूबर. मानसा में परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड के बाद आज के लिए पंजाब में बंद का आह्वान किया गया था. इस बीच सूबे में सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं और बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है. इस प्रदर्शन को हर वर्ग समर्थन दे रहा है.

फाजिल्का में पंजाब बंद के आह्वान के समर्थन में व्यापार मंडल, किसान और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बाजार बंद रखने का फैसला लिया है. शहर में फिलहाल दुकानें बंद हैं और यह बंद दोपहर एक बजे तक रहेगा. वहीं, विभिन्न संगठनों की ओर से सुबह 10:30 बजे शहर के बाजारों में रोष मार्च निकाला जाएगा, जो डीसी कार्यालय पहुंचेगा.

जालंधर में किसानों के रोष प्रदर्शन से पहले ही पुलिस ने किसान नेताओं को घर में ही नजर बंद कर लिया. जंडियाला के निकटवर्ती गांव पुलिस ने प्रधान कुलविंदर सिंह मछियाणा को डिटेन किया. फिरोजपुर में बंद का समर्थन करने वाले वंचित समाज से संबंधित नेता दीप दशनानंद और मिसल सतलुज के पदाधिकारी मान सिंह किली को फिरोजपुर पुलिस ने सुबह सवेरे उनके घरों से हिरासत में ले लिया. दोनों नेताओं की ओर से पंजाब बंद का पूर्ण समर्थन करते हुए धरना देने का एलान किया गया था. इस समर्थन को किसानों को भी सपोर्ट मिल रहा है.